St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –13)** **Date: 10.09.2020**
Topic: धनुर्धारी अर्जुन **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 अर्जुन को ही बाण चलाने की आज्ञा क्यों मिली ?

उ- दोनों शिष्यों को बाण चलाने की आज्ञा नहीं मिली | इसके बाद अर्जुन की बारी आई | गुरु द्रोणाचार्य ने अर्जुन से भी पूछा कि उसे क्या दिखाई दे रहा है | अर्जुन ने कहा कि उसे तो केवल चिड़िया की आँख ही दिखाई दे रही है | गुरूजी ने अर्जुन को बाण चलाने की आज्ञा दे दी |

2 अर्जुन कौन और कैसे धनुर्धारी थे ?

उ- अर्जुन पाँचो पांडवों में से एक थे | वे धनुष - बाण चलाने में बहुत कुशल थे | उनका सामना करने वाले वीर बहुत कम थे | महाभारत के युद्ध में उन्होंने अपने धनुष - बाण का कमाल दिखाया | वे धनुर्धारी के रूप में सदा प्रसिद्द रहेंगे |

3 गुरु द्रोणाचार्य के बारे में लिखो |

उ- गुरु द्रोणाचार्य एक महान गुरु थे | वे पांडवों और कौरवों दोनों को ही शिक्षा देते थे | उन्होंने एकलव्य से गुरु दक्षिणा में उसका अँगूठा माँगा था | इसका कारण ये था कि वह अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारी बनने का आशीर्वाद दे चुके थे | वे ज्ञान के साथ -साथ अस्त्र - शस्त्र की शिक्षा भी देते थे | महाभारत के युद्ध में उन्होंने कौरवों का साथ दिया था |

4 राजा द्रुपद की पुत्री का विवाह किस प्रकार हुआ ?

उ- राजा द्रुपद की एक पुत्री थी | उसका नाम द्रौपदी था | राजा द्रुपद ने द्रौपदी के विवाह की यह शर्त रखी कि तेल की कड़ाह में देखकर ऊपर लटकी मछली की आँख को निशाना बनाना है | जो भी ऐसा करेगा ,द्रौपदी का विवाह उसी धनुर्धर के साथ किया जायेगा | अर्जुन ने राजा द्रुपद की शर्त को पूरा किया और द्रौपदी के साथ उनका विवाह हुआ |

Poonam Mehra